## अध्याय – 4

# 'वन्य समाज और उपनिवेशवाद'

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. सन 1600 में हिन्दुस्तान के कुल भू–भाग के तकरीबन छठे भाग पर खेती होती थी।
2. 19वीं शताब्दी की शुरूआत तक इंग्लैण्ड में बलूत (ऑक) के वन लुप्त होने लगे थे। इस कारण शाही नौसेना के लिए लकड़ी की आपूर्ति में बाधाएँ आई।
3. 1820 में खोजी दस्तों ने वन–संपदा का अन्वेषण किया।
4. रेल लाइनों के प्रसार ने 1850 में लकड़ी की एक नई माँग उत्पन्न कर दी।
5. एक मील लंबी रेल की पटरी के लिए 1760–2000 स्लीपर की जरूरत थी।
6. यूरोप की चाय, कॉफी व रबड़ की माँग को पूरा करने के लिए भारत की वन संपदा को नष्ट किया गया।
7. भारत का पहला वन महानिदेशक जर्मन वैज्ञानिक डायट्रिच ब्रैंडिस था।
8. भारत में व्यवसायिक वानिकी की शुरूआत हुई।
9. इम्पीरियल फॉरेस्ट रिसर्च इंसिट्यूट की स्थापना 1906 में देहरादून में हुई।
10. 1878 के अधिनियम में जंगलों को तीन श्रेणियों में बाँटा गया। आरक्षित वन, सुरक्षित वन व ग्रामीण वन।
11. वनों की इन श्रेणियों से आम जनता पर विपरीत प्रभाव पड़ा।
12. 1875 से 1925 के मध्य इनाम के लालच में 80,000 से अधिक बाघ, 150,000 तेंदुए और 2,00,000 भेड़िए मार डाले गए।
13. 1905 में औपनिवेशिक सरकार ने जंगल के दो तिहाई हिस्से को आरक्षित कर दिया।
14. 1910 में बस्तर में अंग्रेजों के विरूद्ध वन विद्रोह हुआ।
15. जावा इंडोनेशिया के द्वीप के रूप में जाना जाता है।
16. जावा में कलांग समुदाय के लोग लकड़ी काटने का काम करते थे।
17. डचों ने जावा में ब्लैन्डाँगडिएन्स्टेन की व्यवस्था लागू की।
18. डचों के खिलाफ सामिनवादी आंदोलन खड़ा हुआ।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. वन विनाश किसे कहते हैं?
2. ब्रिटिश शासन के दौरान रेल पटरियों के विस्तार ने किस प्रकार लकड़ियों की नई माँग पैदा की?
3. 1700 से 1995 के बीच दुनियाँ में वनों का कितने प्रतिशत भाग साफ कर दिया गया?
4. भारतीय वन सेवा की स्थापना कब हुई?
5. बागान किसे कहा जाता है?
6. वैज्ञानिक वानिकी क्या है?
7. सब से अच्छे जंगलों को क्या कहते हैं?
8. घुमंतू खेती को किस नाम से जाना जाता है?
9. घुमंतू खेती एक स्थान पर कितने वर्ष तक की जाती है?
10. बस्तर कहाँ स्थित है?
11. भारतीय वन कानून कब बना?
12. जावा किस देश का उपनिवेश था?
13. इंडोनेशिया के उस द्वीप का नाम लिखिए जहाँ अधिकांश वन पाए जाते हैं?
14. जावा में वन कानून किसने लागू किया।
15. 'देवसारी' क्या था?
16. 'वन ग्राम' किसे कहते थे?
17. बस्तर विद्रोह से संबंधित एक प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखें।
18. 'कालांग' कौन थे?
19. 'ब्लैन्डाँगडिएस्टेन' व्यवस्था क्या थीं?
20. सामिनवादी आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?

**3 और 5 अंक वाले प्रश्न :–**

1. औपनिवेशिक काल में खेती के तेज़ी से फ़ैलने के क्या कारण थे?
2. इग्लैंड में बलूत (ऑक) के जंगल लुप्त होने से क्या प्रभाव पड़ा?
3. 1850 के दशक से रेलवे के विस्तार ने भारतीय वनों से अपेक्षित किन नई माँगों को जन्म दिया और उन्हें कैसे पूरा किया गया?
4. वन उत्पादों के विभिन्न उपयोग बताएँ?

5. घुमंतू कृषि को समझाएँ?
6. बस्तर के लोगों ने विद्रोह क्यों किया?
7. यद्यपि अंग्रेजों ने बस्तर विद्रोह को कुचल डाला, फिर भी इसे विद्रोहियों की प्रमुख विजय क्यों माना जाता है?
8. वन अधिनियम से गाँव वालों की मुश्किलें कैसे बढ़ गई?
9. युद्धों से जंगल क्यों प्रभावित हुए?
10. बस्तर और जावा के औपनिवेशिक वन प्रबंधन में क्या समानताएँ थीं?

## उत्तर माला

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. वनों के लुप्त होने को वन विनाश कहते हैं।
2. इंजनों को चलाने के लिए ईंधन के रूप में तथा पटरियों को जोड़े रखने के लिए स्लीपरों के रूप में लकड़ी की भारी जरूरत थी।
3. 9.3 प्रतिशत भाग।
4. 1864 में।
5. सीधी पंक्ति में एक ही किस्म के पेड़ लगाने को बागान कहा जाता है।
6. वन विभाग द्वारा पेड़ो की कटाई और उन की जगह नए पेड़ लगाना।
7. आरक्षित वन।
8. झूम खेती।
9. 2 वर्ष
10. बस्तर छत्तीसगढ़ के दक्षिणतम हिस्से में स्थित है।
11. 1865
12. हॉलैंड
13. जावा
14. डच उपनिवेशको ने
15. बस्तर क्षेत्र में एक गांव द्वारा किसी दूसरे गांव के जंगल से लिए गए उत्पाद (लकड़ी) के बदले में दिया जाने वाला शुल्क।
16. आरक्षित वनों के अंदर कुछ गांवों को इस शर्त पर रहने दिया गया कि वे वन विभाग के लिए पेड़ों की कटाई और ढुलाई का काम मुफ्त करेंगे तथा जंगल को आग से बचाऐंगे। ऐसे गांवों को वन ग्राम कहा गया।
17. गुंडा धुर

18. जावा में कालांग समुदाय के लोग कुशल लकड़हारे और घुमंतु किसान थे।

19. डचों ने कुछ गांवों को लगान इस शर्त पर मुक्त किया कि वे सामुहिक रूप से पेड़ काटने व लकड़ी ढोने के लिए भैंसे मुफ्त में उपलब्ध कराऐंगे। इस व्यवस्था को 'ब्लैन्डॉगडिएन्स्टेन' कहा गया।

20. सुरोन्तिको सामिन ने।

**3/5 अंक प्रश्नों के उत्तर**

1. क) अंग्रेजो ने व्यवसायिक फसलोां के उत्पादन को प्रोत्साहित किया।

   ख) बढ़ती शहरी आबादी का पेट भरने के लिए।

   ग) औद्योगिक उत्पादन के लिए कच्चे माल की जरूरत।

2. इंग्लैंड में बलूत के जंगल लुप्त होने के अनेक प्रभाव पड़े :-

   क) बलूत की लकड़ी में कमी के कारण शाही नौसेना के समक्ष लकड़ी की आपूर्ति की समस्या आ खड़ी हुई।

   ख) मजबूत तथा निरंतर लकड़ी आपूर्ति में कमी आने के कारण इंग्लैंड में जहाजों के निर्माण में कठिनाई आने लगी।

   ग) भारत से बड़े पैमाने पर लकड़ी का निर्यात होने लगा। इस के लिए भारतीय वनो की कटाई होने लगी।

3. क) ये रेल लाइने शाही सेना के आवागमन और औपनिवेशिक व्यापार के लिए अति आवश्यक थी।

   ख) इंजनों को चलाने के लिए इंधन के रूप में लकड़ी की जरूरत पड़ती थी।

   ग) रेलवे लाइनों को जोड़ने के लिए लकड़ी के स्लीपर भी चाहिए थे।

4. क) वन उत्पादों के उपयोग : फल और कंद पोषक खाद्य के लिए।

   ख) जड़ी बूटियाँ दवाओं के लिए

   ग) लकड़ी का हल जैसे औज़ार के लिए

   घ) बांस की बाड़ें, छतरियाँ तथा टोकरी बनाने के लिए रस्सी बनाई जाती हैं

5. क) जंगल के कुछ भागों को काटना और जलाना।

   ख) मानसून की पहली बारिश के बाद जली राख में बीज बोना।

   ग) अक्टूबर-नवंबर में फसल काटना।

   घ) इस खेत पर एक-दो साल खेती करना।

ड) इस के बाद उसे 12 से 18 साल तक के लिए छोड़ देना।

6. क) वनों से लकड़ी का ना मिलना।

ख) वन उत्पादों से वंचित होना।

ग) वनीय भागों में घुमंतू खेती से महरूम हो गए।

घ) अंग्रेजो द्वारा लगाए गए कर और बेगार में नौकरी से तंग आ गए थे।

7. क) वनों के आरक्षण का कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया तथा आरक्षित किए जाने वाले क्षेत्र भी कम कर दिए गए।

ख) अंग्रेजो द्वारा दो तिहाई वनों को आरक्षित करने का फैसला किया गया तथा झूम खेती, शिकार तथा वन उत्पादों के संग्रह पर रोक को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।

ग) आरक्षित वन क्षेत्र को 1910 से पहले की योजना का भी आधा कर दिया गया।

घ) यह बस्तर के लोगों की नैतिक विजय थी।

8. क) रोजमर्रा की गतिविधियाँ गैरकानूनी बन गई।

ख) लकड़ी चुराने के अलावा कोई चारा नहीं बचा।

ग) पकड़े जाने पर रक्षकों की दया और घूस।

घ) लकड़ी एकत्र करने वाले विशेष तौर पर परेशान।

9. क) वन विभाग से जंगी जरूरतों को पूरा करने के लिए पेड़ो की कटाई।

ख) भस्म–कर–भागों नीति' के तहत सागोन के लट्ठो के ढेर जला दिए।

ग) जापानियों ने युद्ध उद्योग के लिए जंगल कटवाए।

घ) गाँव वालों ने इस अवसर का लाभ उठाया।

ड) जंगलों में खेती का विस्तार किया।

10 क) दोनों जगहों पर वन कानूनों द्वारा वनों पर नियंत्रण स्थापित किया गया।

ख) दोनों जगहों पर वैज्ञानिक वानिकी की शुरूआत की गई

ग) अंग्रेजों की तरह डच भी जहाज के लिए लकड़ी हासिल करना चाहते थे।

# वन्य–समाज और उपनिवेशवाद –4

इंडोनेशिया के ज़्यादातर जंगल सुमात्रा, कालिमांतान व पश्चिम इरियान में स्थित हैं। जावा ही वह जगह है जहाँ डचों ने अपनी 'वैज्ञानिक वानिकी' की शुरुआत की थी। यह द्वीप जो अब चावल उत्पादन के लिए मशहूर है, कभी सागौन के जंगलों से ढका रहता था।

